प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 08:50 बजे

स्टार प्रचारक

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए अब 14 दिन शेष रह गए हैं इस बीच चुनाव प्रचार तेज हो गया है। दोनो प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस के शीर्ष नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी प्रचार कर रहे है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल 18 मई को सोलन और चंबा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। नड्डा की पहली चुनावी जनसभा चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में होगी। इसके बाद वे सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुनिहार में चुनावी जनसभा करेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वोले विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसंपर्क अभियान में भाग लेंगे। वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र में प्रचार कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं मंडी संसदीय क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर चियूंनी, चेत, थाटा दबेहड़, बालीचॉकी में चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी आज जुब्बल कोटखाई में चुनावी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

स्वीप

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य चुनाव विभाग के स्टेट इलेक्शन आइकॉन जसप्रीत पॉल ने कल किन्नौर ज़िले के टी.एस नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को निमंत्रण पत्र प्रदान कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया।

सोलन जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 18 से 25 मई तक सोलन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची और एक मतदाता दिग्दर्शिका का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में सभी पर्यवेक्षकों और बूथ स्तर अधिकारियों को निर्वाचन क्षेत्र के घर–घर में जाकर प्रत्येक मतदाता को सामग्री वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत जिला चम्बा में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से 19 मई को ऐतिहासिक चौगान में मतदान कप का आयोजन किया जाएगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस क्रिकेट मैच में डीसी–11 और एसपी–11 की टीमें आमने–सामने होंगीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में जनसाधारण की भागीदारी को सुनिश्चित बनाने तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए ज़िला में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी ज़िला वासियों से 1 जून को अपने सभी कार्य छोड़कर लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने का आह्वान किया है।

नामांकन वापिस

प्रदेश में लोकसभा की 4 और विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए नामांकन वापिस लेने का आज अंतिम दिन है। नामांकन 3 बजे तक वापिस लिए जा सकेंगे। ऐसे में निर्दलीय के तौर पर उतरे प्रत्याशियों को बैठाने के लिए जोर आजमाइश शुरू हो गई है। लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव में 40 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा और कांग्रेस के नेता निर्दलियों को नामांकन वापस लेने के लिए मना रहे हैं।

निर्दलीय अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं तो ऐसी स्थिति में हिमाचल में विधानसभा उपचुनाव के साथ–साथ लोकसभा चुनाव के समीकरण पर भी असर देखने को मिलेगा। इनके मैदान में डटे रहने से चुनावी समीकरण बिगड़ सकते हैं।

लाहौल स्पीति से विधानसभा उप–चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के बागी विधायक रवि ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है, ऐसे में यहां पर पूर्व भाजपा प्रत्याशी और जयराम सरकार में मंत्री रहे रामलाल मारकंडा पार्टी से नाराज चल रहे हैं। वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। धर्मशाला में निर्दलीय प्रत्याशी राकेश चौधरी भी भाजपा के लिए परेशानी बने हुए हैं। इसी तरह से अन्य सीटों पर भी बागी खेल बिगाड़ सकते हैं।

परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने परीक्षार्थियों को आज और कल 18 मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी के लिए संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सलाह दी है। एनटीए ने कहा है कि परीक्षार्थी आधिकारिक वेबसाइट से संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

कोर्ट से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है –मानहानी का मामला, मुख्यमंत्री सुक्खू को हाईकोट से फिर नोटिस जारी।

दिव्य हिमाचल के शब्द है –हिमाचल मे वोट मांगने आएंगे मोदी शाह–18 को जेपी नडडा, 19 को आंएगे अमित शाह, 25 के बाद में दो दिन लगएंगे पीएम।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है –हिमाचल के मैडिकल कॉलेजों में दिव्यांग कर सकेंगे फ्री में एम.बी.बी.एस. नियम लागू। हिमाचल दस्तक लिखता है –प्रदेश के 6 मैडिकल कॉलेजों में दिव्यांगों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा।

आसान नहीं शिमला सीट पर भाजपा की राह, कांग्रेस प्रत्याशी को प्रदेश मे सत्ता का फायदा –शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–पिछले तीन लोकसभा चुनाव भाजपा ने जीते इस बार चौका लगाने की आस।

हाईकोर्ट ने नियमितिकरण की तारीख से ही सारे वित्तीय लाभ देने के दिए आदेश शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–एच.आर. टी.सी. में करूणा मूलक नीति के तहत कार्यरत कर्मियों का बड़ी राहत।

इसी अखबार की एक अन्य खबर है–जून में मिलेगा 2 हजार एक सौ 74 वोकेशनल ट्रेनर्ज को बढ़ा हुआ वेतन 2, महीने का एरियर भी होगा जारी।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है –भाजपा ने गाय के नाम पर राजनीति की कांग्रेस ने बनाई योजनाएं। आपका फैसला की सुर्खी है –सरकार ने गौ पालकों की धनराशि बढ़ाकर 12 सौ रूपए की।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–हिमाचल के 5 जिलों में पारा 40 पार, पहाड़ों में सुबह शाम अभी भी ठंड बरकरार किन्नौर में भूकंप के झटके। दैनिक सवैरा टाईम्स के शब्द है–मैदानों की तरह तपने लगे पहाड़ पारा 40 के पार।

–––––––––––––––––